दिनांक : 10.11.2025 समय : 02.10 पीएम

**आकाशवाणी, भोपाल**
**दोपहर समाचार**

## मन्त्रि–परिषद बैठक

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में आज भोपाल में आयोजित मन्त्रि–परिषद की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गये। लाडली बहना योजना की राशि बढ़ाकर अब 1,500 प्रति माह दी जायेगी। मुख्यमंत्री 12 नवंबर को सिवनी से यह राशि सिंगल क्लिक से ट्रांसफर करेंगे। वहीं मुख्यमंत्री 13 नवंबर को देवास से 1 करोड़ 32 लाख किसानों को 300 करोड़ की राशि का सिंगल क्लिक से भुगतान करेंगे। मन्त्रि–परिषद ने 15 नवंबर को भगवान बिरसा मुंडा जयंती प्रदेशभर में गौरवपूर्ण ढंग से मनाये जाने का निर्णय लिया। इसके अन्तर्गत राज्य स्तरीय मुख्य कार्यक्रम जबलपुर और अलीराजपुर में होंगे, जबलपुर से प्रधानमंत्री लाइव जुड़ेंगे। सभी जिलों में जनजातीय प्रतिभाओं को सम्मानित करने के लिये जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। बैठक में भावांतर योजना के अंतर्गत सोयाबीन का मॉडल रेट 4 हजार 36 रुपये प्रति क्विंटल घोषित किया गया। खंडवा जिले के मान्धाता क्षेत्र में नया सिविल न्यायालय स्थापित होगा और रेस्को सोलर योजना के तहत सभी शासकीय भवनों पर सौर ऊर्जा प्रणाली स्थापित की जाएगी।

## मुख्यमंत्री–रीवा–दिल्ली, हवाई सेवा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज रीवा से नई दिल्ली के लिए 72 सीटर हवाई सेवा का वर्चुअली शुभारंभ किया। इस सेवा से स्थानीय नागरिकों को सीधे हवाई मार्ग से राजधानी दिल्ली पहुंचने की सुविधा मिलेगी। जल्द ही रीवा से इंदौर के लिए भी हवाई सेवा शुरू की जाएगी। यह हवाई सेवा विन्ध्य क्षेत्र के विकास में नया आयाम जोड़ेगी और शिक्षा, उद्योग, स्वास्थ्य, पर्यटन व संस्कृति के क्षेत्रों को नई गति देगी। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल सहित जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## **केंद्रीय कृषि मंत्री–ओडिशा**

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान आज ओडिशा के भुवनेश्वर में आयोजित "मांडिया दिवस यानी मिलेट डे के उद्‌घाटन सत्र में शामिल हुये । इस दौरान उन्होंने किसानों की आय बढ़ाने, पोषण सुरक्षा और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने से जुड़े कई महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मिलेट्‌स यानी मोटे अनाज के उत्पादन, प्रसंस्करण और उपभोग को प्रोत्साहित करने के लिए केंद्र सरकार द्वारा प्रयास किये जा रहे है।

## **जीएसटी बचत उत्सव**

नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में जीएसटी दर घटाने के बाद, 22 सितम्बर को शुरू हुए जीएसटी बचत उत्सव से देशभर के नागरिकों को लाभ हो रहा है। आज की कड़ी में जानकारी अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों से स्टेशनरी क्षेत्र को मिलने वाले फायदे पर।

**दृष्टि पुन्यानी, आकाशवाणी समाचार दिल्ली।**

## **मौसम**

उत्तर भारत के पहाड़ी राज्यों में बर्फबारी के बाद मध्य प्रदेश में ठंड ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। राजधानी भोपाल, इंदौर और उज्जैन समेत आधा प्रदेश शीतलहर की चपेट में है। मौसम विभाग ने आज 20 जिलों में शीतलहर का अलर्ट जारी किया है।

मौसम विभाग के अनुसार, जम्मू–कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में हो रही बर्फबारी के कारण उत्तरी हवाएं सीधे मध्य प्रदेश की ओर बढ़ रही हैं, जिससे तापमान में लगातार गिरावट हो रही है।

**समाचार संक्षेप में –**

- आगरमालवा जिले में न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह के दौरान 14 नवम्बर तक जिलाजेल, उपजेल, स्कूलों में कार्यक्रम एवं विभिन्न प्रतियोगिताएं, एवं विशेष विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन होगा।
- सीहोर के दो छात्रों, आशिका जैन और अनंत प्रताप मेवाड़, का चयन राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए हुआ है।
- मंदसौर में 9 से 14 नवम्बर तक न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह मनाया जा रहा है। इसके अंतर्गत पहले दिन मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया

और

- खंडवा कलेक्टर के निर्देश पर ममलेश्वर मंदिर शिखर क्षेत्र के अन्य बंद पड़े शिव मंदिरों को खोला गया और उनकी साफ–सफाई कर पूजा–अर्चना शुरू की गई।

———————————